**Format for Details of Successful Farmers**

**District : Godda**

| | | |
|---|---|---|
| Name of Farmer | सुसाना मरांडी | |
| Husband Name | स्व० सुमन हेम्ब्रम | |
| Village | कमलडीहा | |
| Panchayat | चिलकारा गोविंद | |
| Block | पथरगामा | |
| Post Office | पथरगामा | |
| District PIN Code | 814147 | |
| Land holding | 5.50 बीघा | |
| Irrigated | 2.50 बीघा | |
| Unirrigated | 3.00 बीघा | |
| Mobile No | 8709840293 | |
| Membership in Self-Help Group. Producers Cooperative/Company, Cooperative Society etc. (Give details) | अध्यक्ष ( बाबा मॉझी थान, समूह ) – आत्मा ,गोड्डा से जुडे हैं । | |
| Name of the Centreal Sector/State Scheme utilized by the farmer and the period | SAME Scheme आत्मा, गोड्डा 2018–19 में कृषक पाठशाला संचालक । | |
| Write up of Success Story (about 500 words) | मैं सुसाना मरांडी पथरगामा प्रखण्ड से 5 किलो मीटर दूर कमलडीहा गॉव में रहती हूँ । मेरे परिवार में सात सदस्य हैं । मैं विगत तीन साल से कृषक मित्र प्रदीप साह के द्वारा आत्मा, गोड्डा से जुडनें के बाद खेती बाडी के तरफ ध्यान दिये जिससे की मेरे परिवार में खुशहाली लौटी एवं सपरिवार अच्छे से घर में रह कर आमदनी करने लगे । मेरे पास साढे पॉच बीघा जमीन है जिसमें मैं अधिकतर मौसमी सब्जी उगाती हूँ एवं प्रखण्ड बाजार के ब्यापारी को या गॉव में बेच लेती हूँ । मुझे आत्मा के उप परियोजना निदेशक द्वारा जब कृषक पाठशाला के माध्यम से प्रशिक्षण के साथ साथ अन्य लाभ की जानकारी मिलने लगी तो मैंने सोचा कि घर पर रह कर भी खुशी से जीवन यापन चलाया जा सकता है । इससे लगता है कि हमको अब बाहर कहीं भी कमाने के लिये नहीं जाना पडेगा । जब हम घर पर रहते हैं तो बच्चे की देख भाल के साथ साथ अन्य फसल भी सालों भर खाने के लिये उगा लेते हैं । अभी मैं लगभग 8 कट्ठा में करेला एवं खीरा मचान बना कर लगाई थी जिससे खर्चा काट कर लगभग 18500.00 रुपये की बचत कर पाई हूँ । मुझे देखकर गॉव की अन्य कई महिलायें भी इस तरह की खेती करने लगी हैं और सबको इसके लिये मैं प्रेरित भी करती हैं । | |
| | | |
| Crop/Agriculture Practice | लत्तेदार सब्जी ( करेली, खीरा ) | |
| Yield of crop/product | 26.00 क्वी० | |
| Sale Value | 26000.00 | |
| Straw | | |
| Input Cost | 2800.00 | |
| Labour Cost | 2500.00 | |
| Any other Cost | 2200.00 | |
| Net Saving | 18500.00 | |

1-





**Format for Details of Successful Farmers**

**District : Godda**

| | |
|---|---|
| Name of Farmer | दिनकर सिंह |
| Husband Name | स्व० नन्देश्वर प्रसाद सिंह |
| Village | अम्बाबथान |
| Panchayat | लतौना |
| Block | पथरगामा |
| Post Office | लतौना |
| District PIN Code | 814133 |
| Land holding | 5.00 बीघा |
| Irrigated | 2.00 बीघा |
| Unirrigated | 3.00 बीघा |
| Mobile No | 8757233682 |
| Membership in Self-Help Group. Producers Cooperative/Company, Cooperative Society etc. (Give details) | आजीविका समूह एवं आत्मा, गोड्डा से जुडे हैं । |
| Name of the Centreal Sector/State Scheme utilized by the farmer and the period | SAME Scheme आत्मा, गोड्डा 2018–19 में जिला एवं 2019–20 में राज्य स्तर पर प्रशिक्षण ( High Value Crop ) |
| Write up of Success Story (about 500 words) | मैं दिनकर सिंह, प्रखण्ड मुख्यालय पथरगामा से 10 किलो मीटर दूर अवस्थित ग्राम–अंबाबथान का निवासी हूँ । मैं दिल्ली में मजदूरी का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मेरा ज्यादातर जीवन दिल्ली में ही व्यतीत होता था जिससे मुझे अपने परिवार, बच्चों एवं गॉव समाज से दूर रहना पड़ता था। मैं अपने परिवार एवं बच्चों को बिल्कुल भी समय नहीं दे पाता था और इस पीड़ा से मैं परेशान रहता था लेकिन एक बार जब मैं घर आया तो यहॉ कृषक पाठशाला का संचालन मेरे ग्राम में हो रहा था, तभी यहॉ पर आये आत्मा एव के.भी.के. के पदाधिकारी से कृषि की |

महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इसके पश्चात आत्मा से तकनीकी जानकारी एवं प्रेरणा प्राप्त करते हुए कृषि कार्य प्रारंभ कर दिया। सही समय पर मुझे आत्मा के माध्यम से राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण के दरम्यान हार्प, प्लांडू, रॉची आदि देखने का अवसर मिला। प्रशिक्षण पूरी होने के पश्चात मैंने मन में ठान लिया कि अब दिल्ली पंजाब नहीं जाना है और मैंने पूरी लगन के साथ घर पर रहकर आधुनिक तरीके से कृषि कार्य शुरू कर दिया।

स्थानीय हाट से खरीद कर अथवा घर या पास पडोस से बीज लेकर हमारे यहॉ खेती करने की परंपरा रही है । आत्मा के उप परियोजना निदेशक द्वारा बताया गया कि भरपूर उत्पादन लेने के लिये उन्नत, स्वस्थ्य एवं पुष्ट बीज से बोआई करें । बीज को स्वस्थ्य बनाने के लिये उसे उपचारित करना आवश्यक है । पूर्व में हमें मिट्टी जॉच कराना बीजोपचार करना अत्यन्त ही जटिल कार्य लगता था । पिछले वर्ष मोबाईल बस द्वारा दिये जा प्रशिक्षण के पश्चात् हमें मिट्टी जॉच के महत्व के बारे में जानकारी मिली तथा यह भी पता चला की बीजोपचार बहुत ही सस्ता एवं सरल है । अब मैं उन्नत एवं अनुसंशित बीज की बोआई करता हूँ साथ ही बीजोपचार को भी मैंने अपने कृषि कार्य में शामिल कर लिया है ।

सर्वप्रथम मैंने मात्र 2 कट्ठा जमीन में आलू की खेती किया जिसमें लगभग 4400 रु. की लागत पर सब खर्च काट कर 11200 रु का आमदनी हुई। पुनः मैंने इसी जमीन पर उन्नत प्रभेद का कम दिनों में उपज होनेवाला मक्का की खेती की है। इसके अलावा मूंग की भी खेती की है फसल बहुत ही अच्छा है। इसके साथ–साथ मैं घरबाड़ी में सब्जी जैसे करैला, कद्दू, भिंडी आदि की भी खेती करने लगा इससे अच्छी आमदनी हो रही है। अब मैं घर पर अपने परिवार एवं बच्चों के साथ रहकर अच्छे से जीवन–यापन कर रहा हूँ। मेरे बच्चे जिनकी पढ़ाई–लिखाई ठीक से नहीं हो पा रही थी अब पढ़ने लगे हैं। मैं विशेष रूप से यह बताना चाहता हूँ कि मैंने जो प्रशिक्षण के दौरान फसल लगाने एवं उसकी देखभाल करनें का तरीका सीखा था उसका भरपुर लाभ मिला । इसके कारण ही कम लागत एवं कम खर्च में अधिक आमदनी संभव हो पायी।
मैं गॉव के अन्य लोगों से भी गॉव में रहकर खेती कर आय करने को प्रेरित करता हूँ। इससे मुझे बहुत ही खुशी अनुभव होती है ।

| | | |
|---|---|---|
| Crop/Agriculture Practice | आलू | |
| Yield of crop/product | 4.50 क्वी० | |
| Sale Value | 8000.00 | |
| Straw | | |
| Input Cost | 2000.00 | |
| Labour Cost | 600.00 | |
| Any other Cost | 100.00 | |
| Net Saving | 5300.00 | |

| | |
|---|---|
|  |  |
| Photo | Photo |
|  |  |
| Photo | Photo |